प्रेस विज्ञप्ति
जनपद बस्ती
दिनांक-30.03.2024

थाना कोतवाली पुलिस, स्वाट टीम बस्ती व सर्विलांस टीम बस्ती की संयुक्त कार्यवाही में थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत अमर शहीद सत्यवान सिंह स्पोर्ट स्टेडियम के बाउंड्री के किनारे मिले शव की घटना का सफल अनावरण कर संबंधित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार-

थाना कोतवाली पुलिस, स्वाट टीम बस्ती व सर्विलांस टीम बस्ती की संयुक्त कार्यवाही में थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत अमर शहीद सत्यवान सिंह स्पोर्ट स्टेडियम के बाउंड्री के किनारे मिले शव के सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर पंजीकृत मु0अ0सं0 53/2024 धारा 302, 201 IPC का सफल अनावरण करते हुए सम्बन्धित **अभियुक्त 1-** कृष्णा पाण्डेय उर्फ गंगाधर को दिनांक 30.03.2024 को समय करीब 06:30 बजे रेलवे स्टेशन पुरानी बस्ती के गेट नं0 02 से माननीय उच्चतम न्यायालय व मानवाधिकार आयोग के नियमों का पालन करते हुए गिरफ्तार कर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय बस्ती रवाना किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1- कृष्णा पाण्डेय उर्फ गंगाधर पुत्र राजकुमार पाण्डेय निवासी लेदवा थाना सोनहा जनपद बस्ती उम्र करीब 23 वर्ष |

बरामदगी का विवरण-

1- एक अदद आला क़त्ल पुराना सीमेंटेड ईंट का टुकड़ा व एक छोटा टुकड़ा |

2- रुपये 150/- नगद व एक अदद जियो भारत कम्पनी की कीपैड मोबाइल (काला-रंग) |

घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक-07.02.2024 को मिठाई लाल पुत्र स्व0 श्री राम अवतार निवासी मुहल्ला बेलवाडाड़ी थाना कोतवाली बस्ती जनपद बस्ती द्वारा लिखित सूचना दिया गया कि मेरा माझिल लड़का अनिल कुमार उर्फ बब्लू उम्र करीब 45 वर्ष जोकि पेन्टिंग का कार्य करता था, जो दिनांक-04.02.2024 को समय करीब 17:00 बजे मुहल्ले के निवासी मनोज चौरसिया के वहाँ पेन्टिंग का कार्य पूरा करने के बाद रुपये 300/- मजदूरी लेकर अपनी बहन निवासी कटरा थाना कोतवाली जनपद बस्ती के यहाँ समय करीब 20:00 बजे गया जहां से रुपये 100/- लेकर चाय-नाश्ता करने के उपरांत वहाँ समय करीब 21:00 बजे घर जाने की बात कहकर घर के लिए निकला था किन्तु घर नहीं पहुंचा | वह आये दिन अपनी बहन के वहां बराबर आता-जाता रहता था इसलिए हम लोग उस रात उसकी तलाश नहीं किए | दिनांक-05.02.2024 को जानकारी होने पर आस-पास तलाश किये किन्तु

कहीं पता नहीं चला जिसके सम्बन्ध में दिनांक-06.02.2024 को न्यूजपेपर में छपी न्यूज को पढ़कर जानकारी हुआ कि एक अज्ञात व्यक्ति के सिर व शरीर पर काफी चोट पहुंचाकर किसी के द्वारा हत्या करके स्टेडियम के पास फेक दिया गया है, जिसकी पहचान मेरे छोटे लड़के संजय कुमार ने मोहल्ले के लोगों के साथ थाना कोतवाली जाकर पुलिस द्वारा मोबाइल से लिए गए फोटो देखने पर उसने अपने भाई अनिल कुमार उर्फ बब्लू के रूप में किया, जिस पर थाना कोतवाली जानपद बस्ती पर मु0अ0सं0 53/2024 धारा 302, 201 IPC पंजीकृत कर अभियुक्त की गिरफ्तारी का प्रयास व अन्य आवश्यक अग्रिम विधिक कार्यवाही के क्रम में दिनांक-30.03.2024 को समय करीब 06:30 बजे रेलवे स्टेशन पुरानी बस्ती के गेट नं0 02 से **अभियुक्त 1-**कृष्णा पाण्डेय उर्फ गंगाधर को गिरफ्तार कर अन्य आवश्यक अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है |

पूछताछ का विवरण-

अभियुक्त द्वारा बताया गया कि दिनांक-04/05.02.2024 की रात्रि के समय मैं दारू पिया हुआ था और वह (मृतक) भी दारू पी रखा था, जिसको मैं पहचानता नहीं था। झंडा तिराहे के पास वह मुझसे टकराया जिससे धक्का लगने के कारण मेरा मोबाइल गिर कर टुट गया, जिस पर मैनें कहा कि मेरा मोबाइल बनवा दो नहीं तो तुम्हारी जान ले लूंगा, जिस पर उसने कहा कि साले तुम्हारे जैसे बहुत देखा हूँ। उसने मुझे दो चांटा मारकर कहा कि मुझसे मोबाइल बनवाओगे ? जिस बात से आहत होकर मैनें गुस्से में आकर वहां पड़े सीमेन्टेड ईंट के टुकड़े से लगातार कई बार प्रहार किया, जिससे ईंट का टुकड़ा एक/ दो और हिस्सों में टूट गया था एवं उसके शरीर को स्टेडियम के पास बरगद के पेड़ के पास छुपाने के उपरांत दिनांक-05.02.2024 को अपने टूटे मोबाइल को रोडवेज के पास बनने के लिए दे दिया था जिसे अपनी पत्नी को दुकान से लेने की बात कहकर गुजरात चला गया था, जहां से आज दिनांक-30.03.2024 को वापस आ रहा था कि आप लोगों द्वारा रास्ते में ही पकड़ लिया गया।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1- प्रभारी निरीक्षक कोतवाली विजय कुमार दूबे जनपद बस्ती।
2- प्रभारी स्वाट टीम उ0नि0 उमाशंकर तिवारी जनपद बस्ती।
3- प्रभारी सर्विलांस सेल उ0नि0 शशिकान्त जनपद बस्ती।
4- उ0नि0 अजय सिंह प्रभारी चौकी सिविल लाइंस थाना कोतवाली जनपद बस्ती।
5- हे0का0 रामेश्वर प्रसाद गौड़, हे0का0 प्रदीप सिंह, हे0का0 शिवचरन चौहान, का0 धीरज कुमार यादव थाना कोतवाली जनपद बस्ती।
6- हे0का0 रमेश कुमार, हे0का0 अवनीश सिंह, का0 सुभेन्द्र तिवारी, का0 किशन सिंह, का0 अभिलाष प्रताप सिंह स्वाट टीम जनपद बस्ती।
7- हे0का0 सत्येन्द्र सिंह सर्विलांस सेल जनपद बस्ती।

K70 Pro | ZEISS

Krishna Pandey